सौगात महाकौशल प्रौद्योगिकी एवं कौशल विवि होगा स्थापित, शहपुरा टोल नाका अस्थाई रूप से होगा बंद

केबिनेट बैठक में 'जबलपुर की सुध'

जबलपुर। महाकौशल की उपेक्षा को लेकर लंबे समय से सुलगते तंज, सवालों के बाद केबिनेट बैठक में जबलपुर की सुध ली गई, जिसे मप्र की सियासत के चश्मे से देखा जा रहा है। जनआक्रोश को शांत करने, राजनीतिक समीकरणों को साधने प्रदेश की केबिनेट बैठक में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पुनर्गठन के तहत जबलपुर में महाकौशल प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है।

उपेक्षा का दर्द और विपक्ष के हल्ला बोल के साथ युवाओं में उपजे असंतोष, गुस्से, आंदोलन की सुगबुगाहट के बीच विंध्य-बुंदेलखंड को भी सियासी धागे में पिरोने की अचूक कोशिश हुई। ऐतिहासिक निर्णय से सियासी समीकरणों को साधा गया है। आंदोलन के बाद शहपुरा (भिटौनी) टोल पर टोल संग्रह अस्थायी रूप से बंद करने का भी निर्णय लिया गया है।

अब भोपाल पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा

ऐतिहासिक निर्णय के जरिए युवाओं, उद्योगों को भी साधा गया है। महाकौशल प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना से जबलपुर संभाग, रीवा संभाग, सागर संभाग एवं शहडोल संभाग के सभी इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक और कौशल विकास संस्थान अब इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध होंगे। छात्रों को प्रशासनिक कार्यों, परीक्षा, परिणाम और अनुसंधान से जुड़ी प्रक्रियाओं के लिए भोपाल पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, सारे कार्य स्थानीय स्तर पर ही सुगमता से होंगे। स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुसार नए स्किल-बेस्ड कोर्सेज और रिसर्च सेंटर शुरू होंगे, जिससे युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।



आरजीपीवी के पुनर्गठन का फैसला

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने प्रदेश कैबिनेट की बैठक में हुए निर्णय के बाद जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की केबिनेट बैठक में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पुनर्गठन के तहत जबलपुर में महाकौशल प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई है।

टोल को लेकर था असंतोष

भोपाल-जबलपुर मार्ग पर शहपुरा रेलवे ब्रिज के क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात को डायवर्ट किया जा रहा है। इसके चलते शहपुरा स्थित टोल पर लिए जा रहे टोल को लेकर स्थानीय समुदाय में असंतोष की स्थिति बनी हुई थी जिसको लेकर भी मंत्री सिंह ने शहपुरा (भिटौनी) टोल नाके पर अस्थायी रूप से टोल संग्रह बंद करने के निर्देश दिए है। मंत्री सिंह ने जबलपुर-दमोह मार्ग पर आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय से जबलपुर अब महाकौशल, विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए तकनीकी शिक्षा, नवाचार और कौशल प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा।

रिंग रोड के 4 पैकेज दिसंबर तक पूरा करने का फरमान

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रदेश में किए जा रहे निर्माण कार्यों तथा भविष्य के लिए प्रस्तावित वृहद सड़क परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने जबलपुर रिंग रोड के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। रिंग रोड का निर्माण कुल पांच पैकेजों में किया जा रहा है। इनमें चार पैकेजों में कार्य की प्रगति संतोषजनक पाई गई, जबकि पांचवें पैकेज में अपेक्षित गति से कार्य नहीं होने पर कार्य में तेजी लाने फरमान भी सुनाया है। उन्होंने चार पैकेजों का कार्य दिसंबर तक तथा पांचवें पैकेज का कार्य जून 2027 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे संपूर्ण जबलपुर रिंग रोड का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूरा हो सके।

उच्च न्यायालय ने कहा-पसंद के आधार पर दोबारा करें आवंटन

- प्राथमिक शिक्षक जिला आवंटन मामले में रचना चौहान को राहत
- 60 दिन में नया आदेश देने के निर्देश



जबलपुर। प्राथमिक शिक्षक चयन में अधिक मेरिट हासिल करने के बावजूद पसंद के जिले से वंचित रहने वाली अभ्यर्थी को हाई कोर्ट से राहत मिली है। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि केवल अधिक मेरिट के कारण आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को ऐसी प्रतिकूल स्थिति में नहीं रखा जा सकता, जिसमें उससे कम मेरिट वाले अभ्यर्थी को उसकी पसंद का जिला मिल जाए और अधिक मेरिट वाले को दूर का जिला आवंटित कर दिया जाए। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने रचना चौहान की याचिका का निराकरण करते हुए संबंधित प्राधिकारी को जिला आवंटन पर पुनर्विचार के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों और याचिकाकर्ता द्वारा आवेदन में दिए गए जिला विकल्पों को ध्यान में रखते हुए 60 दिनों के भीतर नया आदेश पारित किया जाए। रचना चौहान अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। अधिक अंक प्राप्त करने के कारण उनका चयन सामान्य मेरिट में हुआ था। अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अधिक मेरिट वाले आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को उसके ही वर्ग के कम मेरिट वाले अभ्यर्थी की तुलना में नुकसान की स्थिति में नहीं रखा जा सकता। हाई कोर्ट ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के आधार पर जिला आवंटन पर नए सिरे से विचार करने के निर्देश दिए हैं।

हत्यारे को उम्रकैद की सजा

जिला अदालत ने हत्या के आरोपी मनीष उर्फ कारण उर्फ काला चौधरी को दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायधीश अनिल चौहान की अदालत ने आरोपी मनीष पर 11 हजार रुपए का अर्थदंड भी अधिरोपित किया है। अदालत के समक्ष अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक लहर दीक्षित ने पक्षरखा। जिन्होंने बताया कि माढ़ोताल थानान्तर्गत ग्राम रेंगवा में आरोपी 19वर्षीय मनीष उर्फ कारण उर्फ काला चौधरी पिता बबलू चौधरी ने पुरानी रंजिश के चलते अपने सहयोगी अपचारी बालक के साथ मिलकर 17 सितंबर 2024 की रात्रि 10 बजे विकास बंजारा की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी थी। उक्त मामले में माढ़ोताल पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत में चालान पेश किया था। विचारण दौरान पेश किए गए गवाह और साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया।

3319 मेधावी विद्यार्थियों को मिला योजना का लाभ



नवभारत,जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मंगलवार को लैपटॉप वितरण योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों में 25-25 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई है। इस राशि का उपयोग विद्यार्थी लैपटॉप खरीदने के लिए कर सकेंगे। भोपाल में आयोजित मुख्य समारोह में बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेशभर के 1 लाख 21 हजार 804 मेधावी विद्यार्थियों के बैंक खातों में लैपटॉप क्रय करने के लिए लगभग 304 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की।

इस योजना के तहत जबलपुर जिले के कुल 3319 विद्यार्थियों को लाभ मिला है। साथ ही भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में जबलपुर के दो मेधावी विद्यार्थियों ओम चौकसे और शिवांगी नागदेव को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रत्यक्ष रूप से लैपटॉप प्रदान किए गए।

वहीं जबलपुर के मॉडल हाई स्कूल में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम के दौरान छात्र ओम चौकसे की बहन को अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप से लैपटॉप सौंपा गया। पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में भोपाल में आयोजित हुए राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को दिखाया गया।

युवती पर अश्लील कमेंट करने वाले को 2 साल की कैद

जबलपुर। अपर सत्र न्यायाधीश महिमा कछवाहा ने युवती पर अश्लील कमेंट करने वाले माढ़ोताल निवासी छोटू उर्फ रवि यादव को 2 साल की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 300 रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार 12 जुलाई 2025 को एक युवती के रिपोर्ट दर्ज कराई कि वहअपनी बहन के साथ बाजार जा रही थी। तभी रास्ते में रोककर छोटू उर्फ रवियादव ने उस पर अश्लील कमेंट किए। विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज की। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया।

बार चुनाव में तेज हुआ एलिमिनेशन राउंड, 86 प्रत्याशी बाहर

जबलपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 की मतगणना के दूसरे चरण में एलिमिनेशन राउंड का 17वां दिन पूरा हो गया है। हाई पावर्ड इलेक्शन कमेटी के निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति एस.के. पालो (पूर्व न्यायाधीश) द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अब तक कुल 122 प्रत्याशियों में से 86 प्रत्याशियों का एलिमिनेशन हो चुका है।

गुरुवार को एलिमिनेट हुए प्रत्याशियों में क्रमांक 20 आशीष उपाध्याय (उज्जैन), क्रमांक 90 रामेश्वर नीरजरा (गाडरवारा) और



क्रमांक 122 हरीश कुमार द्विवेदी (सतना) शामिल हैं। वहीं प्रत्याशी क्रमांक 89 राकेश सिंह भदौरिया (इंदौर) अपना कोटा पूरा कर चुके हैं, जिसके चलते उन्हें निर्वाचित माना जाएगा। रामेश्वर नीरजरा इससे पहले मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के 9 बार सदस्य और 5 बार चेयरमैन रह चुके हैं।

नई दिल्ली से मांगा गया मार्गदर्शन

मतों की गणना में प्रत्याशियों के बीच यह सवाल भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि कोटा निर्धारित करने के लिए मतों की गणना (23+1) के आधार पर होगी या (18+1) के आधार पर। दोनों पक्षों से अपने-अपने तर्क दिए जा रहे हैं। इस संबंध में हाई पावर्ड इलेक्शन सुपरवाइजरी कमेटी, नई दिल्ली से मार्गदर्शन मांगा गया है और प्राप्त निर्देशों के अनुसार आगे की मतगणना की जाएगी। महिला प्रत्याशियों को लेकर भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई महिला प्रत्याशी मतगणना के दौरान चुनाव से बाहर होती है, तो अंतिम पांच महिला प्रत्याशियों की श्रेणी में होने के आधार पर आरक्षण के अनुसार चुनाव परिणाम के समय उसका चयन किया जाएगा। अब तक की मतगणना में सर्वाधिक बढ़त पाने वाले पुरुष प्रत्याशियों में अभिषेक कुमार सक्सेना (इंदौर), संदीप मेहता (उज्जैन), विवेक सिंह (इंदौर), आर.के. सिंह सैनी (जबलपुर) और निलयानंद मिश्रा (जबलपुर) शामिल हैं, जबकि महिला प्रत्याशियों में अन्नू पटेल (सिंगरौली) और प्रवीण तिवारी (रीवा) चुनाव मैदान में बनी हुई हैं।

राजस्व वसूली में लापरवाही, 3 कर्मचारियों की रोकी गई वेतन वृद्धि

- निगमायुक्त ने अपनाया कड़ा रूख
- गैर-कानूनी और बिना अनुमति चल रहे प्रतिष्ठानों पर होगी कार्रवाई



नवभारत,जबलपुर। राजस्व वसूली को लेकर नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मंगलवार को कड़ा रुख अपनाया है। आयोजित बैठक के दौरान निगमायुक्त ने लापरवाह 3 कर्मचारियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के साथ ही उनके स्थानांतरण करने के आदेश दिए हैं। इस मौके पर निगमायुक्त ने स्पष्ट किया है कि प्रतिदिन टैक्स वसूली करना टैक्स कलेक्टर की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विदित हो कि राजस्व वसूली को लेकर निगमायुक्त ने मंगलवार को एक बैठक बुलाई थी। जिस दौरान राजस्व टीम को पूरी निष्ठा के साथ मैदान में उतरने का फरमान भी जारी किया गया है।

इस दौरान निगमायुक्त द्वारा 100 प्रतिशत वसूली के लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए संभागीय अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों, सहायक निरीक्षकों और कर संग्राहकों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा है कि अभियान को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए शहर में संचालित कार बाजारों, मैरिज गार्डन, गाड़ी धुलाई सेंटरों, कैफेटेरिया और सड़क किनारे की व्यावसायिक दुकानों का गहन निरीक्षण किया जाएगा। बिना अनुमति या बिना लाइसेंस के चल रहे प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की इस पहल से न केवल अवैध व्यावसायिक गतिविधियों पर लगाम लगेगी, बल्कि शहर के राजस्व में भी वृद्धि होगी जिसका सीधा लाभ जनता को बेहतर नागरिक सुविधाओं के रूप में मिलेगा।

दो फरार आरोपियों पर ईनाम

जबलपुर। लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार माढ़ोताल थाने में दर्ज विस्फोटक अधिनियम के प्रकरण में फरार शेखावत खान उर्फमंगन पिता स्व. शफदर खान 35 वर्ष निवासी नालबंद मोहल्ला गोहलपुर पर चार हजार रूपए, हनुमानताल थाने में दर्ज एक अन्य प्रकरण में मयंक भौरेल पिता नरेश उर्फपप्पू भौरेल 20 वर्ष निवासी बकरा मार्केट के सामने चौधरी मोहल्ला बेलबाग पर तीन हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है।

7 से 12 सितंबर तक एक केंद्र में होगी परीक्षा

- राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2026

नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा.2026 का आयोजन 7 से 12 सितंबर तक किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिले में शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय नेपियर टाउन को केंद्र बनाया गया है। 6 दिनों तक चलने वाली यह परीक्षा ऑफलाइन माध्यम से सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। इसमें 11 सितंबर को परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं 12 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए संभाग के उप.आयुक्त राजस्व ने आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा व्यवस्था और संचालन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता मिश्रा को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गोपनीय सामग्री को कोषालय से लाने ले जाने तथा परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए तिथिवार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें 7 एवं 8 सितंबर के लिए एकीकृत बालविकास सेवा के परियोजना अधिकारी वीके राय, 9 एवं 10 सितंबर के लिए सहायक क्रीड़ा अधिकारी भगवान सिंह दांगी और 11 एवं 12 सितंबर के लिए हिरन जल संसाधन संभाग की सहायक यंत्री अस्मिता सराफ को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जल संसाधन मंडल के सहायक यंत्री अभिमन्यु पाण्डे तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक बृजेश मिश्रा को रिजर्व प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है। उप आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार समस्त प्राधिकृत अधिकारी परीक्षा के दिनों में सुबह 8.30 बजे जिला कोषालय में उपस्थित होकर प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले केंद्र में पहुंचाने का कार्य करेंगे।

दानापुर-बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन अब नियमित

जबलपुर। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने दानापुर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन को अब नियमित कर नए नंबर से प्रतिदिन संचालित करने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 03251/03252 अब 22365/22366 दानापुर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु एक्सप्रेस के रूप में चलेगी। गाड़ी संख्या 22365 दानापुर से प्रतिदिन दोपहर 2:45 बजे रवाना होकर सतना रात 12:10 बजे, जबलपुर सुबह 3:25 बजे और इटारसी सुबह 7:20 बजे पहुंचेगी तथा तीसरे दिन दोपहर 2:30 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। वापसी में 22366 बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस 3 सितंबर से रात 11:50 बजे रवाना होकर इटारसी सुबह 5:50 बजे, जबलपुर सुबह 9 बजे और सतना दोपहर 1 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन आरा, बक्सर, डीडीयू जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नागपुर, विजयवाड़ा, काटपाडी, जोलारपेट्टई सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी। 24 कोचों वाली इस ट्रेन में एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच शामिल हैं, जिससे बिहार, मध्यप्रदेश और कर्नाटक के बीच रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

पुणे-हड़पसर थर्ड लाइन कार्य से पमरे की 6 ट्रेनें प्रभावित

जबलपुर। मध्य रेल के पुणे मंडल में पुणे-हड़पसर रेलखंड पर थर्ड लाइन कमीशनिंग के लिए पुणे एवं हड़पसर यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इसके चलते पश्चिम मध्य रेल से जुड़ी छह ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। जबलपुर-पुणे एक्सप्रेस और रानी कमलापति-पुणे एक्सप्रेस निर्धारित पुणे स्टेशन के बजाय दौंड जंक्शन तक ही जाएंगी। गाड़ी संख्या 20162 जबलपुर-पुणे एक्सप्रेस 20 सितंबर को जबलपुर से रवाना होकर अगले दिन दौंड में शॉर्ट टर्मिनेट होगी, जबकि 22172 रानी कमलापति-पुणे एक्सप्रेस 3 अक्टूबर को रानी कमलापति से चलकर दौंड में समाप्त होगी। वहीं पुणे से चलने वाली 20161 पुणे-जबलपुर एक्सप्रेस 21 सितंबर और 22171 पुणे-रानी कमलापति एक्सप्रेस 4 अक्टूबर को पुणे के बजाय दौंड जंक्शन से रवाना होंगी। यानी इन तारीखों में दौंड और पुणे के बीच इन ट्रेनों का संचालन आंशिक रूप से निरस्त रहेगा। इसके अलावा 20 सितंबर को गाड़ी संख्या 22171 पुणे-रानी कमलापति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। ट्रेन लोनावला, कर्जत जंक्शन, पनवेल, कल्याण, इगतपुरी और मनमाड़ होकर रानी कमलापति पहुंचेगी। वहीं हड़पसर-रीवा एक्सप्रेस के समय में भी बदलाव किया गया है। गाड़ी संख्या 20151 हड़पसर-रीवा एक्सप्रेस 24 सितंबर को निर्धारित दोपहर 3:15 बजे के बजाय शाम 4 बजे और 1 अक्टूबर को निर्धारित समय से 1 घंटे 45 मिनट की देरी से शाम 5 बजे हड़पसर से रवाना होगी। रेलवे ने यात्रियों से अपनी यात्रा की तारीख और ट्रेन के संशोधित परिचालन समय की जानकारी लेकर ही यात्रा करने की अपील की है।

रिसोर्ट से सोलर लाईट का खम्बा चुराने वाला पकड़ाया

जबलपुर। बरेला स्थित रिसोर्ट से सोलर लाईट का खम्बा चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। जिसके कब्जे से चुराया हुआ सोलर लाईट का खम्बा जप्त किया गया। पुलिस के मुताबिक आनंद श्रीवास 36 वर्ष निवासी उखरी बलदेव बाग कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्रीमलेंड रिसोर्ट में मैनेजर के पद पर लगभग 2 वर्ष से कार्य कर रहा है रिसोर्ट की साईड में लगा सोलर लाईट का खम्बा लगभग 15 फिट को साईड से निकाल धर्मेन्द्र पटेल निवासी देवरी पटपरा का चुराकर ले गया।

मिलावट की आशंका पर पैक्ड दूध का लिया सेम्पल



जबलपुर। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सोमवार को दूध एवं दुग्ध उत्पाद की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया जिसमें मिल्क टेस्टिंग किट के माध्यम से बाजार में बिक रहे खुला दूध एवं पैक्ड दूध के सैंपल लेकर जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता के अनुसार जांच के दौरान खुले दूध के किसी भी सैंपल में मिलावट नहीं पाई गई, किंतु पैक्ड मिल्क में आंशिक मिलावट पाये जाने पर करमेता स्थित जैन डेरी से सैंपल लेकर विस्तृत परीक्षण के लिए भोपाल भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रदर्शन उपभोक्ताओं की लड़ाई में आगे आई कांग्रेस

बिजली विभाग की कार्यशैली के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल प्रदर्शन



नवभारत,जबलपुर। मंगलवार को बिजली विभाग के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने हल्लाबोल प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेसियों ने अधीक्षण अभियंता बिजली कार्यालय, जबलपुर पहुंचकर बिजली विभाग के अधिकारियों को चेताया और जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग करते हुए , गुंडागर्दी,मनमानी बिलिंग, नियम विरुद्ध वसूली तथा बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर तत्काल रोक लगाने की बात कही। साथ ही कहा कि जनता को अंधेरे में रखकर वसूली का खेल अब नहीं चलेगा।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिजली विभाग ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया, जनता की शिकायतों का समाधान नहीं किया तथा मनमानी बिलिंग और नियम विरुद्ध वसूली पर रोक नहीं लगाई, तो कांग्रेस पार्टी बिजली विभाग के खिलाफ अपने आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं उग्र रूप देगी। सौरभ नाटी शर्मा ने इस मौके पर बताया कि जबलपुर शहर में बिजली विभाग की गुंडागर्दी, मनमानी, तानाशाही और लापरवाही के चलते आम जनता बुरी तरह परेशान है। कल सुबह लगभग 9 बजे से शहर के करीब 35 ट्रांसफार्मरों की बिजली आपूर्ति बंद रही, जिसके कारण अनेक क्षेत्रों में घंटों तक विद्युत व्यवस्था ठप्प रही। कई क्षेत्रों में अभी तक भी बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी है। कांग्रेस के अनुसार, इस अव्यवस्था के चलते लगभग 40 हजार बिजली उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी और उमस के बीच अंधेरे में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

ये हैं प्रमुख मांगें...

कांग्रेसियों की मांगों में तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल करना और मीटर बदलने के नाम पर 300 यूनिट की औसत बिलिंग और लाइन काटने के नाम पर बिल में जोड़ी जा रही 340 रुपये की राशि की व्यवस्था की तत्काल समीक्षा कर इसे बंद करना प्रमुख रही। विरोध प्रदर्शन के दौरान दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, आशु वत्स,अभिषेक चंदेल, रिंकू यादव, मेवा लाल पटेल ,समर्थ अवस्थी,आसिफ इकबाल, सिद्धांत जैन, प्रमोद पटेल, आसिफ इकबाल, अभिषेक पाठक ,सतीश तिवारी संतोष पांडा, गुड्डू नबी ,अयोध्या तिवारी, गुड्डा चौबे, अनुपम जैन, प्रमोद पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57